हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 16 फरवरी 2026

06 महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब



07 शहर में भक्ति भाव से गज-बज के निकाली भोले की बारात





## समाचार संक्षेप

### जागेश्वर महादेव भव्य बारात निकाली और स्वागत किया



**गुना।** श्री जागेश्वर महादेव मंदिर महिला समिति गुना के सानिध्य में महा शिवरात्रि के पावन पर्व पर जागेश्वर महादेव भगवान की भव्य शिव जी की पालकी मे विराजमान भोलेनाथ की बारात मंदिर घाट से निकाली गई जिसमें, जय स्तम्भ चौराहे से होकर सदर बाजार मे ग्वालियर शूटिंग वालों के घनश्यामदास गर्ग यहाँ बाबा जागेश्वर महादेव भोलेनाथ का भव्य स्वागत किया जाएगा। और आरती की इसके बाद सत्यनारायण मंदिर गली मे से होकर मंदिर घाट स्थल पर पहुंची और बाबा महादेव का भव्य महा श्रृंगार हुआ जो कि अलौकिक दिव्य स्वरूप बाबा जागेश्वर महादेव का श्रृंगार हुआ इसके बाद शाम को 7.15 बजे जागेश्वर महादेव की महा आरती हुई तपश्चात साबूदाना की खींचडी प्रसाद वितरण किया गया और रात्रि कालीन मे महा रुद्राभिषेक चार पहर हुआ ट्रस्ट के सभी पदाधिकारीगणो ने किया। इसमें मुख्य सार्वजनिक जागेश्वर महादेव मंदिर के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण अग्रवाल, सचिव विमल गर्ग, घनश्यामदा गर्ग, भगवान गर्ग, राजेंद्र अग्रवाल लक्ष्मी नारायण श्रीवास्तव प्रमोद खण्डेलवाल,मोहन लाला सिंघानिया, एवम् मन्दिर के पुजारी चंद्र प्रकाश शर्मा, किरण शर्मा सहित सभी महिलाओं का सहयोग रहा।

### निरंजन भाया कसेरा की बहन के निधन पर जताया शोक

**गुना।** समाजसेवी निरंजन भाया कसेरा की बहन सुशीलाबाई का बीमारी के चलते 8 फरवरी को निधन हो गया। वह 70 वर्ष की थी। उनके वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़कर गई है। पगड़ी रस्म 20 फरवरी को उपकार व्यायाम शाला के पास उनके निवास पर होगी। उनके निधन पर निरंजनभाया कसेरा के मित्रों एवं रिश्तेदारों दुख प्रकट करते हुए इस दुख की घड़ी में ढांढस बांधते हुए ईश्वार से शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### भारतीय धावक एकेडमी कुंभराज ने दी श्रद्धांजलि



**कुंभराज।** पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए शहीदों की शहादत में भारती धावक एकेडमी कुंभराज ने श्रद्धांजलि एवं भारत माता की आरती करके शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिसमें नगर के नगर वासी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए साथ ही हमारे कुंभराज के जो अपनी सेवा भारत की रक्षा में दे रहे भैया मनीष शिवहरे सीमा सुरक्षा बल (bsf) कश्मीर एवं ओमकार चंदेल केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बलCISF सोनभद्र उत्तरप्रदेश ने भी शहीदों को पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन कराएं 07 मार्च तक

**गुना।** रबी उपार्जन 2026-27 में गेंहू उपार्जन हेतु पंजीयन केन्द्र पर किसानों के पंजीयन हेतु 07 फरवरी 2026 से 07 मार्च 2026 तक की तिथि निर्धारित की गई है। कलेक्टर किशोर कन्याल के द्वारा किसान पंजीयन हेतु जिले में 35 पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये है। इसके अतिरिक्त जिले के कामन सर्विस सेन्टरों, एम.पी.आनलाईन कियोस्को, लोकसेवा केन्द्रों, साइबर केफो, सहायता केन्द्रो एवं किसान मोबाईल एप पर किसान पंजीयन किए जावेगें। किसान पंजीयन के लिए भूमि, सिकमी/बटाईदार अनुबंध/कोटवार एवं वन पट्टाधारी के दस्तावेज एवं किसान के आधार एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा। किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा।







### केदारनाथ के इस बार भी नहीं खुले पट स्क्रीन पर कराए दर्शन मंदिरों में हुआ, विशेष पूजन और श्रृंगार

### महाशिवरात्रि पर गादेर और मालपुर गुफाओं पर लगे मेले

# भोलेनाथ की भक्ति में डूबे नजर आए श्रद्धालु निकली शिव बारात, मनाया विवाहोत्सव







हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

महाशिवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के अद्भुत संगम के साथ मनाया गया। जिले के प्रमुख शिवालयों और मंदिरों में विशेष सजावट, आकर्षक विद्युत साज सज्जा और धार्मिक आयोजनों की व्यापक झलक देखने को मिली ।शहर में शिव जी की शोभायात्रा निकाली गई। उधर शहर के समीप प्राचीन केदारनाथ धाम के पट इस बार भी नहीं खुले ,प्रशासन ने स्क्रीन पर श्रद्धालुओं को दर्शन करने की पूर्व की व्यवस्था को जारी रखा । वहीं गादेर और मालपुर की गुफाओं पर पारंपरिक मेले लगे जहां पर हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का अभिषेक किया और आराधना में लीन नजर आए।

### मालपुर ,गादेर गुफा पर लगे पारंपरिक मेले

पांडव कालीन मालपुर गुफाओं पर परंपरा अनुसार शिवरात्रि का मेला लगाया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा भोलेनाथ की आराधना की और बच्चों ने मेले का लुफ्त उठाया। ठीक इसी तरह से गादेर गुफा मंदिर पर भी सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा यहां पर भी पारंपरिक मेले का आयोजन किया गया जिसमें बड़े तादाद में श्रद्धालु शामिल हुए।

### उत्तर मुखी हनुमान जी की बरसती है कृपा

गुफा के अलावा ऊपर पहाड़ी पर बाबा के स्थान पर भी श्रद्धालुओं की अच्छी खासी तादाद देखने को मिली यहां उत्तर मुखी हनुमान जी की आराधना से सर्व मनोकामना पूर्ण होने की मान्यता है।भोले बाबा ,माता दुर्गा और भैरव नाथ जी यहां पर विराजमान है।यहां के सेवक संजय देशमुख ने बाबा की कृपा को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव किया है और वह अन्य लोगों को भी इस स्थान से जोड़कर लाभान्वित होने की बात कहते हैं।दोनों ही स्थान पर दूर दराज से आने वाले लंबे समय से जुड़े हुए श्रद्धालुओं की तादाद भी अच्छी खासी रही। मालपुर गुफा पर कई श्रद्धालु ऐसे मिले जो पिछले 50 वर्षों से निरंतर यहां आ रहे हैं।

### भोलेनाथ-मां गौरी विवाह महोत्सव मनाया

न्यू टेकरी रोड स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर में शारदा जागृति महिला समिति द्वारा तीन दिवसीय भोलेनाथ-मां गौरी विवाह महोत्सव मनाया जा रहा है। शनिवार को मेहंदी और महिला संगीत का आयोजन हुआ, जिसमें विधि-विधान से पूजन कर सुहा सामग्री अर्पित की गई। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा।वहीं सार्वजनिक श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर, पुराना बस स्टैंड पर मेहंदी व मंडप समारोह आयोजित हुआ, जिसमें हरी तार साड़ी ड्रेस कोड में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

### नपाध्यक्ष शिव पालकी में शामिल हुई और किया भव्य स्वागत

**गुना।** नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता एवं पूर्व पार्षद भाजपा नेता अरविंद गुप्ता वार्ड 2 में निकाली गई एक भव्य शिव पालकी में शामिल हुए एवं शिव पालकी का अपने निवास पर हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा की और आतिशबाजी चला कर उनकी श्रद्धा को सम्मानित किया। इस स्वागत समारोह में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी, जिससे आयोजन की भव्यता और धार्मिक महत्ता दोनों ही बढ़ गई।



अध्यक्ष जी के इस सादगीपूर्ण लेकिन प्रभावशाली स्वागत ने सभी उपस्थित जनों के दिलों को छू लिया और शिवभक्ति की भावना को और प्रगाढ़ किया। इस प्रकार यह आयोजन न केवल एक धार्मिक उत्सव बनकर उभरा, बल्कि एकता और सामूहिक श्रद्धा का भी प्रतीक बना।

### नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में शिवबारात

दुर्गा कॉलोनी स्थित सनाढ्य धर्मशाला परिसर में श्री नर्मदेश्वर महादेव के सानिध्य में महाशिवरात्रि पर्व पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शनिवार को मेहंदी समारोह शाम 4 बजे से आयोजित हुआ। वहीं रविवार को शिव बारात और नर्मदेश्वर महादेव को विशेष श्रृंगारित किया गया । आयोजन में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी दादा देखने को मिली इस मौके पर मंदिर परिसर को भी विशेष रूप से सजाया गया , यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और भगवान भोलेनाथ पर जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

### पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में मंडप समारोह

सार्वजनिक श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर, पुराना बस स्टैंड ए.बी. रोड पर महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में मेहंदी व मंडप समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु हरी साड़ी के ड्रेस कोड में शामिल हुई। बाबा पशुपतिनाथ के सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में महिलाओं ने भक्ति गीत गाए और शिव-पार्वती विवाह की परंपरा निभाई है।

# केंट थाना पुलिस ने अलग-अलग फड़ों पर जुआ खेल रहे कुल 15 जुआरियों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

केंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर फड़ जमाकर जुआ खेल रहे कुल 15 जुआरियों पर प्रभावी कार्यवाही की गई है । गत दिनांक 14 फरवरी 2026 को सकतपुर रोड़ स्थित पुलिया के पास कुछ व्यक्तियों के द्वारा तास पत्तों से रूपयों की हारजीत के दाव लगाकर जुआ खेले जाने की मुखबिर सूचना पर केंट थाने से पुलिस की एक टीम जुआरियों पर कार्यवाही हेतु तत्काल उक्त पते पर पहुंची और जहां मुखबिर की बताई जगह पर दविश देकर जुआ खेल रहे 04 जुआरियों 1-अन्नु उर्फ अनूप बाल्मीकि निवासी पुरानी छावनी गुना, 2-देवेन्द्र कुशवाह निवासी ईदगाहबाड़ी गुना, 3-आदर्श बाल्मीकि निवासी पुरानी छावनी गुना एवं 4-बंटी कुशवाह निवासी सकतपुर थाना केंट गुना को पकड़कर मौके से कुल 5200/-रूपये नगदी एवं तास की गड्डी जप्त कर जुआ खेलते पकड़े गये सभी 04 जुआरियों के विरूद्ध केंट थाने में अप.क्र. 95/26 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गई ।

इसी प्रकार केंट मीट मार्केट के पास जुआ खेल रहे कुल 04 जुआरियों 1-राजेन्द्र खटीक, 2-जोनू बाल्मीकि, 3-हरिओम कोरी एवं 4-गौरब ओझा को पकड़कर, जिनके कब्जे से 1360/-रूपये नगदी सहित तास की गड्डी जप्त कर जिनके विरूद्ध केंट थाने में अप.क्र. 93/26 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गई । इसी प्रकार कुशमौदा नाले के पास जुआ खेल रहे 07 जुआरियों 1-मोहन कुशवाह, 2-दीपक लोधा, 3-धर्मेन्द्र कुशवाह, 4-श्रीराम कुशवाह, 5-बृजेश जाटव, 6-लालाराम कुशवाह एवं 7-मूलचंद कुशवाह को पकड़कर, जिनके कब्जे से 2400/-रूपये नगदी सहित तास की एक गड्डी जप्त कर जिनके विरूद्ध केंट थाने में अप.क्र. 94/26 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गई इस प्रकार केंट थाना पुलिस द्वारा जुए के विरूद्ध की गई तीनो कार्यवाहियों में कुल 15 जुआरियों के विरूद्ध अलग-अलग तीन प्रकरण दर्ज कर जिनके कब्जे से 8,960/-रूपये नगदी एवं तास की गड्डियां जप्त की गई है ।

# रेलवे ग्राउंड की सीढ़ियों पर मिला अज्ञात युवक का शव

### धूप में सोता समझ पास पहुंचे थे खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित रेलवे ग्राउंड में रविवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब ग्राउंड की सीढिय़ों पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। काफी देर तक शव वहीं पड़ा रहा, लेकिन राहगीर और वहां मौजूद लोग उसे सोता हुआ समझकर नजरअंदाज करते रहे।जानकारी के अनुसार, रविवार की छुट्टी होने के कारण सुबह बड़ी संख्या में युवा रेलवे ग्राउंड पर क्रिकेट खेलने पहुँचे थे। युवाओं ने देखा कि एक व्यक्ति सीढ़ियों पर लेटा हुआ है। शुरुआत में उन्हें लगा कि कोई व्यक्ति तेज धूप के कारण वहां विश्राम कर रहा है या सो रहा है। लेकिन जब घंटों बीत जाने के बाद भी उस व्यक्ति के शरीर में कोई हलचल नहीं हुई, तो युवाओं को संदेह हुआ। उन्होंने पास जाकर उसे उठाने का प्रयास किया, लेकिन व्यक्ति का शरीर बेजान देख उनके होश उड़ गए। युवाओं ने तत्काल इसकी जानकारी डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल पहुँचाया। वहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है और न ही उसकी उम्र या मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो पाया है। फिलहाल, सिटी कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को मर्चुरी में रखवा दिया है और आसपास के थानों के सहयोग से मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।



### एकलव्य आदर्श आवासीय छात्रावास में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा बच्चों का निवाला

# पैदल मार्च करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे गुस्साएं छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के बाईपास स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (छात्रावास) में अव्यवस्थाओं का घड़ा रविवार को उस वक्त फूट गया, जब अपमान और भूख से तंग आकर सैकड़ों आदिवासी छात्र सडक़ों पर उतर आए। यह केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं था, बल्कि उन बच्चों की सिसकियों का सैलाब था, जो बेहतर भविष्य की उम्मीद में अपने घरों से दूर सरकारी छात्रावास में रह रहे हैं। हाथों में तख्तियां लिए और हक की नारेबाजी करते हुए छात्रों का जत्था पैदल ही कलेक्ट्रेट और तहसील कार्यालय की ओर कूच कर गया।

प्रदर्शनकारी छात्रों के आरोप रोंगटे खड़े कर देने वाले हैं। छात्रों ने रुंधे गले से बताया कि उन्हें जो भोजन परोसा जा रहा है, वह इंसानों के खाने लायक भी नहीं है। दाल और सब्जी में अक्सर कीड़े निकलते हैं। जब इस बारे में छात्रावास के प्रिंसिपल से शिकायत की जाती है, तो मदद के बजाय उन्हें अपमानित किया जाता है। छात्रों का कहना है कि पिछले दो वर्षो से पदस्थ प्रिंसिपल का व्यवहार अत्यंत तानाशाही और संवेदनहीन है। हम पढऩे आए हैं, कीड़े खाने और गालियां सुनने नहीं, यह दर्द कलेक्ट्रेट परिसर में गूँज रहा था।रविवार की दोपहर हनुमान चौराहे और कलेक्ट्रेट परिसर में भारी हंगामे की स्थिति बनी रही। छात्र अपनी मांगों को लेकर अड़ गए कि जब तक भ्रष्ट और लापरवाह प्रबंधन पर कार्रवाई नहीं होती, वे यहाँ से नहीं हटेंगे। हंगामे की सूचना मिलते ही तहसीलदार गौरी शंकर बैरवा प्रशासनिक अमले के साथ मौके पर पहुँचे और छात्रों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन छात्र सीधे कलेक्टर से मिलकर अपना दुखड़ा सुनाने की मांग पर अड़े रहे। रविवार का अवकाश होने के कारण कलेक्टर कार्यालय में मौजूद नहीं थे, जिससे छात्रों का गुस्सा और बढ़ गया।प्रशासनिक हस्तक्षेप और लंबे जद्दोजहद के बाद कुछ प्रतिनिधि छात्रों की वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कराई गई। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक उच्च स्तरीय जांच टीम गठित करने का निर्णय लिया है। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इस टीम में छात्रावास के दो छात्रों को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है, जो खुद अपनी आंखों से व्यवस्थाओं की पोल खोलेंगे।बाईपास स्थित इस एकलव्य छात्रावास की बदहाली ने सरकार के आदिवासी कल्याण के दावों की कलई खोल दी है। छात्रों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि प्रिंसिपल को तत्काल नहीं हटाया गया और भोजन की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ, तो यह आंदोलन और उग्र होगा। फिलहाल छात्र आश्वासन के बाद लौट गए हैं, लेकिन सवाल अब भी बरकरार है कि आखिर कब तक मासूम बच्चों के निवाले में भ्रष्टाचार के कीड़े निकलते रहेंगे? क्या प्रशासन इन बच्चों के चेहरों पर दोबारा भरोसे की मुस्कान लौटा पाएगा?



### इनका कहना है

- आज एकलव्य विद्यालय के लगभग एक सैकड़ा बच्चे कलेक्टोरेट आए थे। उसमें से कुछ बच्चों का छुट्टी का दिन था इसलिए मैंने बुलाया भी था। छात्रों के अनुसार स्कूल छात्रावास में कुछ मुद्दे हैं जैसे खाना, पानी, टायलेट, मैनेजमेंट को लेकर। मैंने उनका पक्ष सुना। कुछ बच्चों द्वारा मोबाईल रखने को लेकर भी उनका झगड़ा होता रहा है। मैंने डिप्टी कलेक्टर को अधिकृत किया है वह जाएंगे और जांच कर सुधार करेंगे। बच्चों को मैंने समझाया कि अभी 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षाएं चल रही हैं तो अभी पढ़ाई पर फोकस करें। पास होने के लिए नहीं पढ़ें अच्छे अंकों के लिए पढ़ें। सरकारी की कई योजनाएं हैं। फिलहाल मैंने बच्चों को वापस भेजा है उम्मीद है बच्चे पढ़ाई पर फोकस करेंगे। उनके मुद्दों का भी निराकरण किया जाएगा।

**-किशोर कन्याल** कलेक्टर गुना

### युवा संगम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेला 25 को

**गुना।** नोडल अधिकारी व जिला रोजगार अधिकारी बी एस मीना ने बताया कि सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग,उच्च शिक्षा विभाग,राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से जिला स्तर पर दिनांक 25 फरवरी 2026 को जिला पंचायत विश्राम ग्रह (शुभ विदाई गार्डन) जिला गुना में प्रातः 11:00 बजे से युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक ही मंच पर रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के लिए अवसर उपलब्ध कराने आकांक्षी युवाओं को लाभान्वित किया जाता है। इसमें प्रदेश की निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनिया शामिल होगी। जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया जावेगा ऐसे बेरोजगार जिनकी योग्यता 8बी /10बी /12बी/स्नातक एवं आईटीआई हैं और 18 से 35 बर्ष की आयु वर्ग के भाग ले सकते है ।

## राजनीतिक व सामाजिक समरसता का साक्षी बना चौहान परिवार का विवाह समारोह

**चाचौड़ा।** गुना जिले की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अर्चना बल्लू सिंह चौहान (काला पहाड़) के सुपुत्र का विवाह समारोह 12 फरवरी को अत्यंत हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन न केवल पारिवारिक उत्सव रहा, बल्कि राजनीतिक एवं सामाजिक समरसता का भी सुंदर उदाहरण बना।समारोह में मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उपस्थित होकर नवदंपति को आशीर्वाद प्रदान किया। उनके साथ राघोगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह, बमोरी विधायक ऋषि अग्रवाल, राजगढ़ क्षेत्र से चंदर सिंह सोंधिया, चंद्र मोहन (चुन्नू भैया)



दीतलवाड़ा, चाचौड़ा की पूर्व विधायक ममता मीना एवं चाचौड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. संजय मीणा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।अतिथियों ने नवविवाहित युगल अंकित सिंह एवं आयुषी सिंह को शुभाशीष देते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की। कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों का आत्मीय स्वागत दीपक चौहान बल्लू काला पहाड़ द्वारा साफा एवं पुष्पमालाएं पहनाकर किया गया।समारोह की सांस्कृतिक छटा उस समय और निखर उठी जब क्षेत्र के गुर्जर समाज के समाजजनों द्वारा पारंपरिक बिनोरी नृत्य की भव्य प्रस्तुति दी गई। इस लोकनृत्य ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया और विवाह समारोह को यादगार बना दिया।

## जूनियर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सीनियर छात्राओं को दी भावभीनी विदाई

**चाचौड़ा।** पीएम श्री कन्या मिडिल स्कूल बीनागंज में आयोजित विदाई समारोह में जूनियर छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सीनियर छात्राओं को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों और प्रेरणादायक संदेशों ने माहौल को भावुक व उल्लासपूर्ण बना दिया।समारोह को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, जिला गुना के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना ने कहा कि जीवन में चुनौतियां अवश्य आएंगी, लेकिन उनसे घबराने के बजाय उनका सामना करना चाहिए। हर ठोकर इंसान को और मजबूत बनाती है। उन्होंने छात्राओं से अपने माता-पिता, शिक्षकों और विद्यालय को सदैव



याद रखने का आह्वान किया।कार्यक्रम को हुकुमचंद साहू, रमा मीना, रमेशचंद अहिरवार, अभिषेक मीना, कृष्णा शाक्य, वैशाली साहू एवं दीपक प्रजापति ने भी संबोधित किया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक गोपाल मैथिल ने की, जबकि संचालन स्पोर्ट्स टीचर वंदना व्यास ने किया।विद्यालय की छात्राओं ने "ओ मेरे वतन के लोगों", "फिर भी दिल है हिंदुस्तानी", "ओ देश मेरे", "तेरी शान पे" सहित अन्य गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। साथ ही सीनियर छात्राओं को शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई।इस अवसर पर विद्यालय के बाल केबिनेट की प्रधानमंत्री तमन्ना जाटव, शिक्षा मंत्री पलक मीना, उप प्रधानमंत्री रीना प्रजापति सहित सुनीता मीना, तनवी राजपूत, प्रतिज्ञा मीना, निकिता सेन, जया अहिरवार, नेहा मीना, रक्षा अहिरवार, पलक केवट, ललिता कुशवाह, छवि वंशकार, पूर्ति मीना सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। बाल केबिनेट प्रधानमंत्री तमन्ना जाटव ने सभी आगंतुकों एवं सहभागियों का आभार व्यक्त किया।अंत में अल्पाहार के साथ समारोह का समापन हुआ।

## क्षेत्र के शिव मंदिरों पर सनातनियों की रही भारी भीड़

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब, देर रात तक लगा रहा तांता





हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर चाचौड़ा क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। देर रात तक शिवभक्त हर-हर महादेव के जयकारों के साथ दर्शन करते नजर आए। क्षेत्र के सभी प्रमुख शिव मंदिरों में सनातन आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। वही बीनागंज में शिव पालकी धूमधाम आकर्षक झाकियों के साथ निकाली गई। अजय पारीख ने बताया कि बाबा की पालकी 9वर्षो से निकाली जा रही है। जिसमे हजारों की संख्या मे लोगों ने दर्शन किए।क्षेत्र की श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बाग बागेश्वर धाम में तीन दिवसीय मेला एवं यज्ञ का आयोजन किया गया। महाशिवरात्रि पर हजारों श्रद्धालुओं ने यहां भगवान शिव के दर्शन किए। यज्ञ समिति द्वारा 40 से अधिक यज्ञ संपन्न कराए जा रहे हैं। परंपरा अनुसार वर्षों से बबलू चौकसे द्वारा आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।महाशिवरात्रि के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक प्रियंका पेची ने बाग बागेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन किए।

इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर एवं मेले की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इधर चौधरेश्वर महादेव, पार्वती किनारे महादेव, काल कलेश्वर मंदिर, जय सुर महादेव सहित चाचौड़ा नगर एवं आसपास के 20 से अधिक छोटे-बड़े शिव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की निरंतर आवाजाही बनी रही। बागेश्वर मंदिर में चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के हर हिस्से से श्रद्धालु पहुंचे।बीनागंज, खतौली, बीनागांव, कुंभराज, उमर थाना, मुंहासा, नेशकला, काला पीपल, पेची सहित अनेक गांवों और कस्बों से श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान शिव का अभिषेक एवं दर्शन किए।तीन दिवसीय मेले के दौरान नगर परिषद चाचौड़ा बीनागंज एवं प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गईं। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं पार्किंग की सुचारु व्यवस्था की गई। मंदिर परिसर एवं मेला क्षेत्र में पटवारियों सहित अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।इस दौरान एसडीएम चाचौड़ा रवि मालवीय, तहसीलदार मयंक खेमरिया, एसडीओपी एवं थाना प्रभारी चाचौड़ा सहित पुलिस स्टाफ चप्पे-चप्पे पर मुस्तैदी से तैनात नजर आया।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम 17 को बमोरी में होगा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 17 फरवरी 2026 को कार्यालय जनपद पंचायत बमोरी में किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को योजना के विभिन्न प्रावधानों, लाभों तथा आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है।कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय कारीगर एवं हितग्राही उपस्थित रहेंगे। इस दौरान योजना के अंतर्गत उपलब्ध कौशल उन्नयन प्रशिक्षण, आधुनिक औजारों हेतु वित्तीय सहायता, सुलभ ऋण सुविधा, डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहन तथा प्रमाणन संबंधी प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी। साथ ही पात्र हितग्राहियों के ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण एवं मार्गदर्शन की व्यवस्था भी कार्यक्रम स्थल पर की जाएगी, जिससे अधिक से अधिक कारीगर योजना का लाभ प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें।समस्त पात्र कारीगरों और शिल्पकारों से अपील की गई है कि वे कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाएं।

### गुना जिले की 02 लाख 26 हजार 484 लाड़ली बहनें हुई लाभान्वित

**गुना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को खंडवा जिले के पंधाना से प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपये अंतरित की गयी। योजना में अब तक लाड़ली बहनों को 52,304 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की गई है। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लाड़ली बहनों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लाईव संबोधन को देखा एवं सुना गया। इस दौरान गुना जिले की 02 लाख 26 हजार 484 लाडली बहनों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से कुल 33,42,91,750/- (तैतीस करोड़ बयालीस लाख इन्कयानवे हजार सात सौ पचास रूपये) की राशि अंतरित की गयी। कार्यक्रम में कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अब्दुल गफ्फार सहित लाड़ली बहनें उपस्थित थी।

## जीएसटी ऑफिसर अमित शर्मा ने साईं दृष्टि स्कूल के बच्चों के साथ मनाई शादी की सालगिरह

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

रोटरी क्लब गुना रॉयल द्वारा संचालित साईं दृष्टि स्कूल में आज एक प्रेरणादायक संगम देखने को मिला, जहाँ स्टेट टैक्स ऑफिसर अमित शर्मा ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ सपरिवार दृष्टिबाधित बच्चों के बीच मनाई। इस विशेष अवसर पर श्री शर्मा ने न केवल बच्चों के साथ समय बिताया, बल्कि उन्हें स्नेहपूर्वक भोजन भी कराया। स्कूल भ्रमण के दौरान उन्होंने बच्चों की शिक्षण पद्धति और उनके लिखने-पढने के




विशेष तरीकों को बारीकी से समझा और संस्था के प्रयासों की हृदय से प्रशंसा करते हुए कुछ उपयोगी सुझाव भी साझा किए। कार्यक्रम के दौरान श्री शर्मा ने बच्चों के भविष्य को संवारने में जुटे किशोर गुरुजी और दीपा मैडम का विशेष सम्मान किया। अतिथियों का स्वागत क्लब अध्यक्ष सौरभ जैन एवं श्रीमती प्रियंका जैन द्वारा किया गया, वहीं चेयरमैन सुदीप जैन ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सभी का आभार माना। श्री शर्मा की इस पहल ने समाज के सामने खुशियाँ बांटने का एक अनूठा उदाहरण पेश किया है।

# निशुल्क नेत्र शिविर में 90 नेत्र रोगियों का परीक्षण कर उचित परामर्श दिया और औषधि वितरण की

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

शिवरात्रि के दिन सेवा भारती एवं रेडक्रॉस द्वारा लाइंस नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से एक निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन रेड क्रॉस भवन में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ जिले के संघ चालक गिर्राज अग्रवाल द्वारा किया गया, जबकि अध्यक्षता डॉक्टर पी बुनकर अध्यक्ष आरोग्य भारती द्वारा की गई, उक्त अबसर पर डॉ रामवीर सिंह, डॉ मंगल, अखिलेश विजयवर्गीय, प्रताप सिंह परिहार रमेश मालवीय, सुनील पांडे, श्री गुप्ता, संजय राठी,विजय श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। शिविर में 90 नेत्र रोगियों का परीक्षण कर उचित



परामर्श एवं औषधि वितरण की गई जबकि 21 नेत्र रोगी ऑपरेशन हेतु चयनित किए गए । जिनके लायंस नेत्र चिकित्सालय में ,16 तारीख को निशुल्क आपरेशन किया जाएगा। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा आशा कार्यकर्ताओं के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम किया गया। उक्त अवसर पर गिरिराज अग्रवाल द्वारा सभी आशा कार्यकर्ताओं को अपने संस्कार सहित सेवाएं देने का अनुरोध किया। डॉ रामवीर सिंह ने बताया कि वर्तमान में ब्लड प्रेशर एवं डायबिटीज की दवाएं सभी स्वास्थ्य केदो पर निशुल्क रूप से उपलब्ध है। हमको अधिक से अधिक रोगियों को निशुल्क दवाई सरकारी संस्थानों से दिलवानी चाहिए। डॉ धाकरे द्वारा बताया कि जिला चिकित्सालय कैंपस में रेड क्रॉस का प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र संचालित है । इसमें बहुत ही सस्ती कीमत पर औषधि उपलब्ध रहती हैं । आप सभी लोगों से इस बारे में जरूर आम नागरिकों को अवगत कराए। सेवा भारती के स्वास्थ्य आयाम प्रमुख डॉ मंगल द्वारा सभी को शुभकामनाएं दी। अखिलेश विजयवर्गीय द्वारा सभी का आभार माना है।

## लीनेश क्लब का ब्लैक डे आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

ब्लैक डे 14 फरवरी को मनाया जाता है, जब महिलाएं पुरुषों को उपहार, (आमतौर पर चॉकलेट) देती है। ब्लैक डे मूल रूप से वैलेंटाइन डे और व्हाइट डे के लोकप्रिय होने के बाद अस्तित्व में आया है।

इसी दिन जम्मू और कश्मीर में एक आतंकवादी विस्फोट से भरी काररको सीआरपीएफ के काफिले में घुसा दिया, जिसमें 40 जवान मारे गए। पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए भारत मां के वीर सपूतों को कोटि-कोटि नमन एवं श्रद्धांजलि दी गई। हमारे वीर जवानों द्वारा देश की अखंडता एवं संप्रभुता के लिए दिया गया बलिदान को शत-शत नमन। लीनेस क्लब द्वारा शहीदों को याद करते हुए मोमबत्ती जलाकर क्लब की सदस्यों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। क्लब की अध्यक्ष अलका अग्रवाल, सचिव रश्मि अग्रवाल, एवं कोषाध्यक्ष दीपा रघुवंशी ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। प्रांतीय अध्यक्ष सीमा अग्रवाल ने कहा पुलवामा हमले पर शहीदों होने वाली नौजवानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रांतीय सचिव रजनी शुक्ला, एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुनीता अग्रवाल ने कहा शहीदों के परिवार को दुख सहन करने की शक्ति ईश्वर ही देता हैं। क्लब की सह सचिव अंजना दुबे, पीआरओ राखी तिवारी ने भी शहीदों को श्रद्धांजली दी। कार्यक्रम की विधि पूर्वक तैयारि रश्मि मिगलानी, रश्मि जैन, प्रिया खुराना द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में क्लब के सभी पदाधिकारी गण एवं क्लब की सदस्य उपस्थित रही। कार्यक्रम के उपरांत प्रांतीय अध्यक्ष सीमा अग्रवाल द्वारा सभी प्रांतीय पदाधिकारियों को उपहार दिए।

# शाढ़ौरा कस्बे में महाशिवरात्रि पर शिवजी की बारात बड़ी धूमधाम से निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶शाढौरा

महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार को कुंड मोहल्ला स्थित प्राचीन शिव मंदिर से भगवान शिव जी भव्य बारात निकाली गई। बारात में डीजे, ढोल-नगाड़ों और बम-बम लहरी के जयघोष से पूरा नगर गुंजायमान होता रहा। श्रद्धालु शिवभक्ति में सराबोर होकर महादेव के भजनों पर- झूमते हुए शोभायात्रा में नाचते गाते हुए चल रहे थे। स्थानीय कुंड मोहल्ला प्राचीन शिव मंदिर से भगवान देवादिदेव महादेव को बग्गी में विराजमान कर बरात निकाली जिसमे बरात मे शामिल श्रादालूओं का जगह-जगह पुष्प बरसा कर व जलपान करा कर स्वागत किया गया। शिव बारात सुबह 11 बजे कुंड मौहल्ला से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्ग कुंजड़ा मौहल्ला, सदर बाजार, कृष्णा चैराह, पंडा पुरा खड़यिा मौहल्ला होते हुए बापिस स्थानीय कुड मोहल्ला प्रचीन शिव मंदिर पहुची, जहां शिवजी की बारात का समापन किया गया। समापन के दौरान शिव मंदिर में महादेव की महाआरती की गई तत्पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।



### पिपरई नगर में शिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गई

**पिपरई।** नगर में शिव मंदिर से भगवान शिव की भव्य बारात बड़े धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ निकाली गई। बारात में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे नगर में धार्मिक वातावरण देखने को मिला। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया गया।




बारात में भगवान शिव की आकर्षक झांकी सजाई गई थी। साथ ही भगवान गणेश, माता पार्वती, नंदी और अन्य देवी-देवताओं की झांकियां भी शामिल रहीं। डीजे और ढोल-नगाड़ों की धुन पर युवा और श्रद्धालु नाचते-गाते चल रहे थे। बारात शिव मंदिर से रामलीला मैदान चिकमंगलूर चैराहे थाने बाली गली पंचायत चैराहे से होते हुए मंदिर परिसर पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिव बारात में लोगों का उत्साह देखने लायक रहा। नगरवासियों ने शिव बारात को धार्मिक एकता और आस्था का प्रतीक बताया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तों में भगवान शिव के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।

## 300 किलोमीटर मुंगावली से बाबा खाटू श्याम तक पैदल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरई

चंदेरी रोड मुंगावली निवासी चदन्द्रेश विश्वकर्मा बाबा खाटू श्याम के दरबार के लिए अपने निवास स्थल मुंगावली से पैदल यात्रा पर निकल गए हैं। उन्होंने इस पैदल यात्रा में शहर की खुशहाली के लिए संकल्प लिया है। बाबा खाटू श्याम भक्त पैदल चलकर जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार चंद्रेश विश्वकर्मा चंदेरी रोड मुंगावली निवासी बाबा श्री खाटू श्याम के दरबार में अपनी हाजरी लगाने के लिए पैदल चलकर जा रहे हैं। वह पैदल चलकर लगभग 26 दिन में वहां पर पहुंचेंगे। उन्होंने नगर की सुख समृद्धि एवं विकास के लिए वह पैदल चलकर जा रहे हैं।



# मुखबिर की खबर पर पुलिस ने रोका वाहन, फिर तीन आरोपी पहुंचे अंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



सागर जिले के गढाकोटा थाना पुलिस को इस बात की सूचना मिली की एक पिकअप वाहन में मवेशियों को ठूंस-ठूंस कर भरा गया है। जिसे सागर तरफ ले जाया जा रहा है। पुलिस ने बिना देर किये बैरिकेट लगाकर सम्बंधित वाहन को रोका। जिसमें तलाशी लेने पर एक दर्जन मवेशी बंधे हुए मिले। जिसके बाद गढ़ाकोटा थाना पुलिस ने कार्यवाई करते हुए तीन युवकों को पकड़ा साथ ही वाहन को जप्त करते हुए मवेशियों को बरामद किया। तीनों आरोपी गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं।

बताया जा रहा है की पुलिस को गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी की पिकअप में मवेशी लाये जा रहे हैं। वाहन रहली तरफ से जाते हुए गढ़ाकोटा से सागर तरफ जा रहा है। जिसके बाद थाना प्रभारी को सूचना दी गयी। साथ ही टीम बनाई गयी। जहां रहस मेला ग्राउण्ड के सामने गढ़ाकोटा में बैरिकेट लगाकर बताये गए वाहन को रोका गया। पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम अल्ताफ खान, निवासी बसारी गढ़ाकोटा वहीं उसके बाजू से बैठे दो युवकों ने अपना नाम अनीष खान निवासी साबूलाल वार्ड गढ़ाकोटा वहीं दूसरे ने आजाद खान निवासी तिलक वार्ड गढ़ाकोटा बताया। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली जिसमें 12 मवेशी बंधे हुए थे। जिन्हे तिरपाल के सहारे ढंका गया था। बताया जा रहा है की पिकअप वाहन में जबरन इन मवेशियों को बांधकर रखा गया था। जिनके हाथ पैर बंधे हुए थे।

वाहन चालक अल्ताफ खान से इस संबंध में परिवहन और खरीदी-बिक्री के सबध में वैध दस्तावेज मांगे गए। जो उनके पास नहीं थे। जिसके बाद पुलिस ने मवेशियों को बसारी स्थित दयोदय गौशाला पहुंचाया। साथ ही पिकअप को जप्त करते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

## जनवादी लेखक संघ ने रचना पाठ और वैचारिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

कल देर शाम जनवादी लेखक संघ के स्थापना दिवस के अवसर पर जनवादी लेखक संघ, जिला इकाई अशोकनगर द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन कर रचना पाठ एवं वैचारिक संवाद कायम करते हुए समकालीन विद्रूपताओं के बीच लेखक संगठनों की चुनौतियों विषय पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जलेस की साथी पूजा ओझा और आरती केवट द्वारा जनगीत गाया गया। जलेस के महत्व को रेखांकित करते हुए समकालीन संदर्भों और सांगठनिक एकजुटता की ज़रूरत को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर जनवादी लेखक संघ के प्रांतीय संयुक्त सचिव सुरेन्द्र रघुवंशी ने अपने वक्तव्य के साथ कविता पाठ भी किया। जलेस के अन्य साथियों ने भी रचना पाठ किया।

### अशोकनगर शिवमय होता नजर आया, नाचते गाते हुए भक्तों की टोली निकली

# शहर में भक्ति भाव से गज-बज के निकाली भोले की बारात, जगह-जगह स्वागत हुआ






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

महाशिवरात्रि का पर्व अशोकनगर शहर मे भोलेनाथ के भक्तों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। दोपहर मे शिवजी की बारात शहर की सडकों पर निकलते हुए देखी गई। महिला और पुरूष नाचते गाते हुए शामिल हुए। भगवान की पालकी के साथ नंदी पर सवार होकर शिवजी निकले। भोलेनाथ की बारात मे किन्नर भी शामिल हुए। भूत-पिशाच भी घोडो पर सवार होकर निकले। अनेक संस्थाओ द्वारा जगह जगह भोलेनाथ की बारात का स्वागत किया गया।

यह शिव बारात स्थानीय शिव गौरी मंदिर से दोपहर 2:30 बजे निकलना आरंभ हुई। शोभायात्रा मे केसरिया पताकाए, फहराते हुए लोग देखे गए। उत्साह और उमंग का अद्भुत वातावरण देखा गया। तरह तरह के गाजे बाजे इस भोलेनाथ की बारात में तरह तरह की धुन विखेरते हुए देखे गए। इस बारात मे शामिल होने का उत्साह भी लोगों में जबरदस्त नजर आया। जब बारात ने सदर बाजार से सुभाषगंज की ओर रूख किया तब भक्तों की संख्या देखते ही बनती थी। ऐसा लग रहा था जैसे बारात सजीव रूप से निकल रही है। सुभाष गंज में युवाओ द्वारा पुष्प वर्षा कर बारात में मौजूद श्रृदालुओं का स्वागत किया। इस शोभायात्रा मे बृषभ रथ पर नंदी जी सवार थे और उस पर भोलेनाथ बैठकर निकले साथ मे नारद जी भी नजर आए। इसी तरह शिव बारात मे भगवान भोले नाथ को पालकी मे निकाला गया। जगह जगह लोगों ने आरती उतारी और पालकी को ले जाते हुए नजर आए। घोडो पर भोलेनाथ की बारात मे शामिल होने के लिए भूत पिशाच सभी को आमंत्रित किया गया था। वह भी सवार होकर निकले। शोभायात्रा मे शामिल होने के लिए किन्नरो को भी शामिल किया गया था। वह भी भोलेनाथ की बारात मे शामिल हुए अपितु नाचते गाते नजर आए। जैसे जैसे शोभायात्रा का यह कारवा आगे बढता गया। वैसे वैसे लोगो की भीड भी बढती गई। इस शोभायात्रा मे भोलेनाथ की भक्ति के स्वर गूंजते रहे। इस दौरान गूंजते भजनो पर अनेक लोग झूमते हुए नजर आए। लोग अपने आप को नही रोक पाए और शहर की सडको पर ऐसा समा बाधा कि जो भी इस बारात मे शामिल था वह भी थिरकने को मजबूर हो गया। महिलाओ ने भी भोलेनाथ की इस बारात को नाचते गाते हुए एक नया स्वरूप प्रदान किया। शोभायात्रा का यह चल समारोह स्टेशन रोड, गाधी पार्क, पुराना बस स्टेण्ड, नगेश्री चैराहा,पठार, इंदिरा पार्क आदि मार्गो से निकली। इस दौरान शहर के विभिन्न समाजसेवी संगठनो ने इस शोभायात्रा मे शामिल श्रृदालुओ का स्वागत किया। भोलेनाथ की आरती की। इस तरह पूरे समय यह शोभायात्रा का चल समारोह निकलता रहा और बाद मे इसका समापन शिवगौरी मंदिर पर हुआ। जहा श्रृदालुओ को प्रसादी प्रदान की गई।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर से भी बारात निकाली गई

श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर से बारात का प्रस्थान हुआ, यह बारात रोड से लगकर युगल सरकार मंदिर से नाचती गाती हुई डीजे की धुन पर रघुवंशी धर्मशाला से चलकर तायड़े कॉलोनी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी के यहां बारात दिन के 4:00 बजे पहुंची। भगवान शिव शंकर का विवाह हिंदू धर्म लोकरीति के अनुसार किया गया जिसमें अगवानी जिस तरह से राजा हिमाचल ने ली थी। इस तरह से डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने सबको प्रसाद फलाहारी एवं महिला मात शक्ति को सुहाग सिंगर तथा ब्राह्मणों को वस्त्र आभूषण कन्या आदि साधु संतों को भेंट दक्षिणा दी गई। सविनय प्रार्थना भी की सभी ने मिलकर आशीर्वाद दिया। बाद मे गणना एवं पाणिग्रहण संस्कार पुजारी किशन लाल मिश्रा के द्वारा विधिवत किया गया महिलाओं ने भगवान भोलेनाथ की भावर परिक्रमा के समय मधुर भजन गाकर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया।

## ओम नमः शिवाय और हर हर महादेव की गूंज के साथ बम बम भोलेनाथ के अभिषेक हुए, मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा





**अशोकनगर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर के शिवालयों में बुधवार को भक्तों का तांता लगा रहा। ओम नमः शिवाय और बम बम भोले की गूंज के साथ मंदिरो मे भक्तों ने भोलेनाथ का अभिषेक किया। सुबह से ही मंदिरो मे भक्तो की कतार देखी गई। कई जगह परिवार सहित श्रृदालु भोलेनाथ का अभिषेक करने पहुचे। शाम को मंदिरो मे भोलेनाथ का श्रृंगार किया गया और रात मे कई स्थानों पर खीर वितरण के आयोजन हुए। सारे इष्टो में भोलेनाथ एक ऐसे ईष्ट है जो अपने भक्तो पर जल्दी प्रसन्न हो जाते है इसलिए उन्हे भोलेनाथ कहा जाता है। भोलेनाथ जिन जिन मंदिरों पर विराजमान है उन मंदिरों पर महाशिव रात्रि को लेकर विशेष साज सज्जा नजर आई। राज राजेश्वर मंदिर पर जहा भोलेनाथ अपने परिवार के साथ विराजमान हैं वहा भक्तो ने राजारानी के रूप मे विराजमान शिव पार्वती के दर्शन किए। शहर के गढी स्थित हजारेश्वर मंदिर पर भक्तों ने भोलेनाथ का अभिषेक किया और एक हजार मुखी शिवलिंग पर जल,दूध, बेलपत्री आदि सामग्री से अभिषेक किया। शहर के शिव मंदिरों में शिव गौरी मंदिर, ब्रम्हगौड मंदिर, पिपलेश्वर महादेव मंदिर, पंचमुखी शिव मंदिर,तार वाले बालाजी मंदिर, शिव टोरिया, युगल सरकार मंदिर, आसमानी माता मंदिर, त्रिदेव मंदिर, सराफा बाजार हनुमान मंदिर सहित सभी मंदिर शिवजी के दरवार है वहां भक्तों ने अभिषेक के आयोजन मे भाग लिया। इस दौरान भक्तो को शिवरात्रि के इस पर्व पर व्रत और उपवास करते हुए देखा गया। किसी ने शिव चालीसा का पाठ किया तो किसी ने शिवजी की पूजा और आराधना की। दोपहर की बेला मे कई स्थानों पर महिलाओं की टोली भजन गाते हुए देखी गई। शाम की अवधि मे मंदिरो मे भोलेनाथ के श्रृंगार किए गए। श्रृंगार के साथ फूलमालाओ से दरवार सजे देखे गए। रात्रि मे अनेक संस्थाओ ने अनेक समाजसेवी संगठनों ने खीर वितरण के कार्यक्रमो का आयोजन किया और महाशिवरात्रि का पर्व मनाया।

## हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा नगर धूमधाम से निकली भोले की भव्य शिव बारात




**ईसागढ़।** हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान शिव शंकर की भव्य एवं विशाल बारात श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। भगवान शिव शंकर की इस दिव्य बारात में नगर के श्रद्धालु बाराती बने नजर आए। दूल्हे के स्वरूप में आदिनाथ भोले भंडारी भगवान शंकर सुसज्जित नंदी पर सवार होकर निकले, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे। बारात को लेकर बीते कई दिनों से चल रही तैयारियों के चलते पूरे नगर को फूल-मालाओं, आकर्षक रोशनी एवं सजावट से भव्य रूप दिया गया था। बारात की शुरुआत तहसील प्रांगण स्थित मंदिर में विराजमान मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात भगवान भोलेशंकर को सुसज्जित नंदी पर विराजमान कर नगर भ्रमण के लिए बारात निकाली गई। आगे मदमस्त बारातियों की टोली ढोल-बैंड, डीजे की धुन पर नाचती-गाती चल रही थी, वहीं पीछे-पीछे भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात श्रद्धालुओं के बीच से गुजरी। नगरवासियों ने अपने-अपने घरों की छतों और छज्जों से पुष्पवर्षा कर शिव बारात का भव्य स्वागत किया। दूल्हे के रूप में विराजमान भोले बाबा की आरती उतारने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। बारात में शामिल श्रद्धालुओं के स्वागत हेतु स्थानीय नागरिकों द्वारा जगह-जगह स्टॉल लगाकर शरबत, खीर, दूध, भांग एवं अल्पाहार की व्यवस्था की गई। भगवान शिव की यह बारात तहसील प्रांगण से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, तालाब किनारा, छोटी मस्जिद एवं कटरा मोहल्ला से होते हुए आगे बढ़ी, जहां स्थानीय नागरिकों द्वारा दूध एवं खीर से बारातियों का स्वागत किया गया।

### गुरुद्वारों में किए कई आयोजन

## तीन दिनी कार्यक्रमों के अंतिम दिन गुरू तेग बहादुर की शहीदी के इतिहास पर प्रकाश डाला





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

रविवार को धर्म की चादर श्री गुरू तेग़ बहादुर महाराज एवं उनके तीन अनन्य सिखों भाई मतीदास, भाई दयाला एवं भाई सतीदास जी की शहीदी की 350वी सालाना याद को समर्पित 15 वे सालाना महान गुरमत समागम का तीसरा और अंतिम दिन था। आज के दिन संगत का उत्साह तो देखते ही बनता था। हज़ारों-हज़ारों की संख्या में देशों विदेशों से श्रद्धालुओं ने इस समागम में शिरकत की। सिख पंथ के प्रसिद्ध धार्मिक जत्थों ने गुरु इतिहास सुनाकर संगत को निहाल किया। हज़ारों की संगत में प्रवचन करते हुए बाबाजी ने बताया कि औरंगज़ेब के ज़ुल्मों के बीच कश्मीर में 500 विद्वान पंडित पूरे हिंदुस्तान से इकट्ठे हुए। पंडित कृपाराम को उन्होंने अपना मुखिया बनाया कि जो भी आप कहोगे हम सभी मानेंगे सभी इकट्ठे होकर अमरनाथ गुफा में शिवजी के मंदिर में गये। शिवजी ने कृपारामजी को दर्शन देकर कहा कि श्री आनन्दपुर साहिब में नौवे श्री गुरू नानक, गुरू तेग़ बहादुर जी के बिना और कोई भी नहीं इस संसार में जो आपकी मदद कर सके उनके पास जाओ। सभी विद्वान पंडित श्री आनन्दपुर साहिब पहुँचे और गुरू चरणों में अपनी व्यथा सुनाकर मदद की गुहार की कि हमारा धर्म गया।न तो हम तीर्थों पर जा सकते हैं क्योंकि जजिया कर लगाया हुआ है जो कि आम बंदा दे ही नहीं सकता और न ही हम धार्मिक ग्रंथ पढ़ सकते हैं क्योंकि पता चलने पर मार पड़ती है और धार्मिक ग्रंथ जब्त कर दिल्ली पहुँचाये जा रहे हैं। जिन्हें जलाकर औरंगज़ेब पानी गर्म कर के नहाता था ।एक अंग्रेज आया और वो औरंगज़ेब से कहकर वो बचे खुचे ग्रंथ अपने साथ इंग्लैंड ले गया। जहाँ आज भी बीबीसी लंदन म्यूजियम में उनके दर्शन किए जा सकते हैं।

गुरू साहिब ने धर्म का असली स्वरूप समझाते हुए कहा कि समर्थ गुरू वाले बनकर निर्मल कर्म करना ही सर्वश्रेष्ठ धर्म है स पर धार्मिक चिह्न भी जरूरी हैं। उस वक्त बाला प्रीतम गोबिंद राय की शारीरिक उम्र नौ वर्ष की थी ।आप जी के कहने पर श्री गुरू तेग़ बहादुर जी ने कहा कि इनका दुख दूर हो सकता है अगर कोई पूर्ण महापुरुष जिसके जीवन में दाग न हो और वो अपना बलिदान दे। तब श्री गोबिंद राय ने कहा कि इस वक्त आपसे बड़ा महापुरुष सारे संसार में कोई नहीं सो आप बलिदान दे दीजिए। बात है भी सही कि रब से बड़ा तो कोई भी नहीं है नौ वर्षीय पुत्र से ऐसी बात सुनकर गुरू जी बहुत प्रसन्न हुए और औरंगज़ेब को चिट्ठी लिखी कि अगर किसी भी तरह तुम हमे इस्लाम में ले आये तो इस देश के सारे हिन्दू स्वयं ही इस्लाम क़बूल कर लेंगे बिना मतलब इतना खून खराबा मत कर। श्री गुरू तेग़ बहादुर जी गुरू गद्दी श्री गोबिंद राय जी को सौंप कर, आप जी आगरा पहुँचे जहाँ आपने हज़रत मुहम्मद साहब के खानदान से ताल्लुक रखने वाले एक बहुत ही ग़रीब परिवार की ग़रीबी उनके हाथों गिरफ़्तारी करवाके अपने ऊपर मुग़लिया सल्तनत द्वारा रखा 1000 रुपए का इनाम उन्हें दिलवाकर काटी, जहाँ से फिर आपको फौज के घेरे में सिखों समेत जब दिल्ली ले जाया जा रहा था तो मथुरा के नजदीक साधुओं की एक टोली मिली। उन साधुओं ने गुरु साहिब को विनती की कि हमे कई साल हो गए हैं ,घर -परिवार छोड़े हुए हैं पर अभी तक हमारे मन ही हमारे काबू में नहीं हैं, मन टिकता ही नहीं। गुरू साहिब ने कहा कि बिना अहम् का त्याग किए कोई भी त्यागी नहीं सो अपने अहंकार का त्याग करो स असली त्यागी वही है जिसने अहम् त्याग हुआ है। वहाँ से आपको दिल्ली ले जाया गया ,जहां आप जी के तीन अनन्य सिखों ने भी चाँदनी चैक में अपना जीवन बलिदान किया। भाई मतीदास जी को आरे से चीरकर,भाई दयाला जी को पानी में उबालकर एवं भाई सतीदास को रुई में लपेटकर ज़िंदा जला दिया गया। मौत क़बूली पर औरंगज़ेब के ज़ुल्म के आगे झुके नहीं ।श्री गुरु तेग़ बहादुर जी को शहीद करने से पहले सत्ता के मद में अंधी हो चुकी मुग़लिया सल्तनत ने बेइंतहा लालच एवं यातनाएँ दी गयीं पर गुरु साहिब ने शहादत को चुना और कहा कि हमारी लड़ाई किसी धर्म विशेष से नहीं ,हमारी लड़ाई तो ज़ुल्म के ख़िलाफ़ है और वो रहेगी चाहे कोई भी हो। आप जी जा पावन शीश भाई जैताएवं भाई नानू ने श्री आनंदपुर साहिब पहुंचाया। जहाँ श्री गुरू गोबिंद सिंघजी ने अग्नि भेट किया स आप जी के पावन धड़ की सेवा भाई लखीशाह बंजारा ने की। देश, धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिए जो क़ुर्बानियाँ सिख धर्म ने दी हैं वो अपने आप में स्वयं मिसाल हैं। खूबीआ नंगल साहिब से आये हुए पाँच प्यारों ने आज भी सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं को अमृत संचार कर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी से जोड़ा।

## महावीर दिगंबर जैन मंदिर के 29वें वार्षिकोत्सव पर शहर में भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

श्री कुंद कुंद दिगबर जैन स्वाध्याय मंदिर की 29वी वर्षगाठ का आयोजन भक्ति भाव से किया गया। समारोह के अंतिम दिन सुबह 9 बजे विधान के समापन के पश्चात भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से निकली। जगह जगह भगवान की आरती की गई और श्रीफल भेंट किए गए।

इस स्वाध्याय मंदिर पर धार्मिक कार्यक्रमो की शुरूआत 8 फरवरी से प्रारंभ की गई थी। पंडित अनुभव जी करैली और सुनील जी धवल की उपस्थिति मे मंदिर पर समस्त कार्यक्रम आयोजित किए गए। दैनिक कार्यक्रमो के साथ भक्ताबंर महा मंडल विधान का आयोजन और सुबह, दोपहर और शाम प्रवचनों का आयोजन किया गया, जिसमे बडी संख्या मे श्रदालुओ ने भाग लिया। रविवार को सुबह 9 बजे मंदिर स्थल से भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर श्री जी को चांदी के विमान मे शहर के भ्रमण पर निकाला गया। यह शोभायात्रा सुभाष गंज ,सदर बाजार ,गाधी पार्क, इंदिरा पार्क होते हुए मंदिर स्थल पर समाप्त हुई। इस मौके पर लोग नांचते गाते हुए नजर आए, महिलाएं भी अपने हाथों में शास्त्र और कलश ले जाती हुई नजर आईं। इस शोभायात्रा मे भजनो की प्रस्तुति प्रदान की गई इस पूरे चल समारोह में बडी संख्या मे श्रृदालुजन भाग लेते देखे गए।

## श्रीमद् भागवत गीता स्वाध्याय समिति ने कराया गरीब आदिवासी कन्या का विवाह



**पिपरई।** कस्बे के समीपस्थ ग्राम में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम बक्सनपुर आरोली में श्री युगल सरकार श्रीमद् भागवत गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा एक गरीब आदिवासी कन्या का विवाह समिति के सहयोग से संपन्न कराया गया। पिपरई तहसील अंतर्गत ग्राम बक्सनपुर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित इस समारोह में धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का सुंदर संगम देखने को मिला। समिति द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रीमद् भागवत गीता अखंड पाठ का आयोजन भी किया गया। विवाह समारोह में क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र सिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान कन्या को विवाह की सामग्री प्रदान की गई।

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया के आदेश हवा

## सब स्टेशन भूमिपूजन के बाद छोटू भैया नेता लगे भूमि बदलवाने




**अशोकनगर।** अक्टूबर माह 2025 में चंदेरी कस्ब के अंदर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा फतेहाबाद में 11 केव्ही विद्युत सब स्टेशन बनाने के लिए भूमि पूजन कराया था और उन्होंने राजस्व विभाग के माध्यम से जगह चिन्हित की थी लेकिन अब उस जगह को बदलवाने के लिए भाजपा के कुछ स्थानीय नेता पीछे लग गए हुए हैं और वह निर्माण कार्य नहीं होने दे रहे हैं। जो जानकारी सूत्रों क माध्यम से सामने आ रही है उसमें विधायक प्रतिनिधि द्वारा राजस्व विभाग और विद्युत विभाग पर दबाव बनाया जा रहा है और कार्य होने से रुकवाया जा रहा है जबकि इसको लेकर हमने विद्युत विभाग की अधिकारी से बात की तो उनका कहना था कि हमें अभी तक राजस्व विभाग द्वारा किसी भी प्रकार से कब्जा नहीं दिलाया गया है जबकि इसको लेकर तहसीलदार दिलीप दरोगा से बात की गई तो दिलीप दरोगा का कहना था कि हमने सीमांकन कर कर जगह विद्युत विभाग के अधिकारी को हैंडोवर कर दी है और उन्हें कब्जा दे दिया है। जिसके कब्जा लेते समय के उनके अधिकारी के हस्ताक्षर हमारे पास हैं। देखा जाए तो केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अक्टूबर माह में चंदेरी क्षेत्र के फतेहाबाद स्कूल के पीछे सब स्टेशन बने के लिए जगह चिन्हित की थी जिससे कि क्षेत्र में विद्युत समस्या से लोगों को परेशानी न हो सके और विद्युत सब स्टेशन बनाया जा सके लेकिन अब उनके ही अधीनस्थ नेता सिंधिया के आदेश की अवहेलना करते हुए नजर आ रहे हैं जिस कारण से सब स्टेशन नहीं बन पा रहा है।

### चंदेरी पुलिस को अवैध हथियारों के विरुद्ध कार्यवाही में बड़ी सफलता

# 5 देशी कट्टे व 3 जिंदा कारतूस सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





थाना प्रभारी चंदेरी निरीक्षक प्रशांत कुमार यादव द्वारा अवैध हथियारों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुये 05 अवैध देशी कट्टे एवं 03 जिंदा कारतूस सहित तीन आरोपी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 15 फरवरी को थाना चन्देरी अंतर्गत अवैध हथियार की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर के निर्देशन में थाना प्रभारी चंदेरी निरीक्षक प्रशांत कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर कलारी दुकान के पीछे, चंदेरी पर दविश दी गई, मौके पर पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 315 बोर के 02 देशी कट्टे एवं 01 जिंदा कारतूस जप्त किए गए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सत्येन्द्र सिंह बुन्देला पिता रघुराज सिंह, उम्र 22 वर्ष, निवासी लिधौरा हाल बायपास चंदेरी जिला अशोकनगर बताया। आरोपी के मेमोरेण्डम के आधार पर सहआरोपी बफाती खान पिता सब्बू खान, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम बारी के कब्जे से 315 बोर का 01 देशी कट्टा एवं 01 जिन्दा कारतूस जप्त कर उसे गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त पुनः प्राप्त मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम द्वारा पिछोर रोड सिंहपुर महल मार्ग पर दबिश दी गई, जहां से आरोपी गब्बर परमार पिता रघुराज सिंह परमार, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम हरथौन थाना मायापुर जिला शिवपुरी के कब्जे से 315 बोर के 02 देशी कट्टे एवं 01 जिन्दा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया। बरामद 05 देशी कट्टों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 52,000 आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध थाना चंदेरी में धारा 25/27 आम्र्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय चंदेरी में प्रस्तुत किया जा रहा है।

## जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत भियांखेडी निवासी विष्णु विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दो अज्ञात लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मतावली निवासी लक्ष्मण अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उत्तम कटारिया ने नुकली वस्तु से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोलाडेम निवासी बंदना सपेरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरनाम सपेरा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरखेडा जमाल निवासी हर्ष कलावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

**अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा कूट रचित आंमत्रण पत्र बनाकर छबि धूमिल करने पर मामला दर्जः** अशोकनगर। जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत 24 दिसंबर 2025 को शिवकुमार पुत्र बुधमन बरखडे निवासी सीएचएमओं कार्यालय अशोकनगर के द्वारा आवेदन दिया गया था जिसकी जांच उप निरीक्षक जोगेन्द्र सिंह यादव द्वारा की गई जिसमें पाया गया कि अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा 50 विस्तरीय अस्पताल के भवन निर्माण के भूमि पूजन हेतु कूट रचित आमंत्रण पत्र बनाकर, क्षेत्र में भ्रम फैलाकर विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, एवं अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति की छबि धूमिल करने का प्रयास किया गया।

**अज्ञात बदमाश बाईक चोरी कर ले गएः** अशोकनगर। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत अंकित जैन निवासी छैःघरा कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बिलाला मिल रोड जैन औषधालय के पास से कोई अज्ञात आरोपी उसकी बाईक जिसका नंबर एमपी 67 जेडए 0491 को चोरी कर ले गए। जिस पर से पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का मामला दर्ज किया है।

**दो बाईक आपस में टकराईः** अशोकनगर। जिले के कचनार थाने के अंतर्गत देवेन्द्र कुशवाह के घर के सामने ग्राम छीपौन में दो बाईक आपस में टकरा गईं, इस घटना में दोनों बाईक सवारों को चोटें आई हैं। इस घटना में लोगों को जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया उसके बाद उन्हें भोपाल के लिए रैफर किया गया है। एक पक्ष की ओर से प्रदीप यादव निवासी रातीखेडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई ।

### 24 घंटे स्वास्थ्य सेवा का दावा करने वाला अस्पताल निरीक्षण में मिला बंद

# अस्पताल में लगा ताला, इंतजार करती रही जांच टीम, बैरंग लौट गया अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

कुरावर शहर में निजी स्वास्थ्य सेवाओं की सच्चाई उस समय सामने आ गई जब डायरेक्ट्रेट के आदेश पर जांच करने पहुंची डॉक्टरों की टीम को श्री देव हॉस्पिटल कुरावर के मुख्य गेट पर ताला लटका मिला। टीम ने करीब 45 मिनट तक अस्पताल प्रबंधन के आने का इंतजार किया, लेकिन जब कोई नहीं पहुंचा तो मौके पर पंचनामा बनाकर पूरी स्थिति दर्ज करनी पड़ी। हालांकि प्रबंधक के बडें भाई धीरज सिंह वहां पहुंचे थे परंतु वह भी जांच टीम को अस्पताल संबंधी आवश्यक दस्तावेज में असमर्थ रहे। जब स्वास्थ्य सेवाएं यदि निजी अस्पताल के रूप में शुरू की जाती है तों प्राथमिकता रहती है कि 24 घंटे अस्पताल खुला रहे एवं डॉक्टर की व्यवस्था रहे। परंतु देव अस्पताल में जब जांच टीम पहुंची तब ताला डला हुआ था। ऐसे में निरीक्षण के समय बंद मिलना स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर लापरवाही माना जा रहा है।

**'45 मिनट इंतजार के बाद डॉक्टर की टीम ने बनाया पंचनामा'**




**'डिग्री, दस्तावेज और संचालन हर स्तर पर उठे गंभीर सवाल'**




### 'यह हैं जांच दल के सदस्य'

जांच करने कुरावर श्री देव अस्पताल पहुंचे दल में नरसिंहगढ के सीबीएमओ डॉ जेके शाक्य की अध्यक्षता में सहयोगी सदस्य में रूप में डॉ गौरव त्रिपाठी,डॉ मनीष चैहान एवं डॉ लखन दांगी सम्मलित रहे एवं नायब तहसीलदार तथा उपनिरीक्षक थाना कुरावर भी मौजूद रहे। जिन्होने रात 8 बजे पहुंचकर देखा की देव अस्पताल कुरावर पर ताला डला हुआ है जो स्वास्थ्य नियमों का उल्लंघन की श्रेणी में आता है।

### 'राजनीतिक संरक्षण में चल रहे अमानक अस्पताल?'

जिले में अमानक निजी संस्थानों की जब भी जांच की जाती है तब अधिकारियों को राजनीतिक दबाब आने लगता है। कुरावर देव अस्पताल के जांच समय भी यही आशा जताई जा रही है जिसके चलते संचालक को कार्रवाई की पूर्व में ही खबर मिल गई और वह जांच टीम आने के पहले ही अपने अमानक अस्पताल को लॉक करके चला गया।

### '1 महीने बाद भी अस्पताल क्यों नहीं दिखा सका दस्तावेज'

दिसंबर माह में जब सिविल सर्जन कुरावर के देव अस्पताल की जांच करने सीएमएचओं के निर्देश पर पहुंचे थे तब भी वहां पर डॉक्टर मौजूद नहीं था और नर्सिंग स्टॉफ ही दिखा था। इस पर सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने अस्पताल के संचालक से आवश्यक दस्तावेज के साथ सीएमएचओं ऑफिस में उपस्थित होने के निर्देश दिए थे जिस पर आज 1 महिने निकलने के बाद भी अस्पताल संचालक द्धारा संचालन हेतू आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। इस तरह अमानक अस्पतालों को आम जनता के स्वास्थ्य से खिलबाड करने क्यों छोडा जाना चाहिए।

### 'डॉक्टर की योग्यता पर भी सवाल'

मामले में नया विवाद तब सामने आया अब जानकारी मिली कि अस्पताल से जुड़े संचालक डॉ प्रेम गुर्जर के पास बीएचएमएस की डिग्री है जबकि दिसंबर महिने में सिविल सर्जन की जांच में इन्हीं डॉक्टर ने पूर्व में खुद को एमबीबीएस बताकर जानकारी दी थी। यदि यह तथ्य सही पाया जाता है तो यह न केवल गलत जानकारी देने का मामला होगा, बल्कि मरीजों की सुरक्षा से भी सीधा जुड़ा गंभीर विषय बन जाएगा।

### पूरा मामला एक नजर में

- डायरेक्ट्रेट के आदेश पर जांच टीम पहुंची
- अस्पताल बंद मिला, जिम्मेदार गायब
- 45 मिनट इंतजार के बाद पंचनामा
- पूर्व निरीक्षण में भी दस्तावेज नहीं दिखाए गए
- डेढ़ महीने से वैध कागजात लंबित
- डॉक्टर की योग्यता पर गंभीर विवाद

### 'यक्ष प्रश्नों के जवाब कब मिलेंगे'

- 24 घंटे खुला रहने वाला अस्पताल बंद क्यों?
- बिना वैध दस्तावेज अस्पताल संचालन कैसे?
- गलत डिग्री बताने पर कार्रवाई कब?
- बार-बार गड़बड़ी के बाद भी सख्ती क्यों नहीं?

### जांच में सामने आए प्रमुख तथ्य'

- निरीक्षण के समय अस्पताल बंद
- मौके पर पंचनामा तैयार
- पूर्व जांच में भी दस्तावेज नहीं मिले
- अब तक वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं

डॉक्टर की योग्यता विवादित।

### 'इनका कहना है' -

हॉस्पिटल संचालक का कहना है कि जांच टीम का मेरे पास फोन आया था परन्तु वह लोग रुके ही नहीं।

**डॉ प्रेम गुर्जर,संचालक देव हॉस्पिटल कुरावर**

### साथी अधिवक्ता की हत्या पर जाहिर करेंगे आक्रोश

# आज न्यायालयीन कार्य से विरत रहेंगे जिले के अधिवक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गत दिवस शिवपुरी के अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की गोली मारकर नृशंसा हत्या कर दी गई। उक्त घटना के विरोध स्वरूप पूरे जिले के अधिवक्ता आज 16 फरवरी को प्रतिवाद दिवस मनाते हुए न्यायालयीन कार्यों से विरत रहेंगे। राज्य अधिवक्ता परिषद के प्रतिनिधि एडवोकेट शेख मुजीब ने बताया कि पूरे प्रदेश में अधिवक्ताओं के पर हमलों के नित नए मामले सामने आ रहे हैं। इसके बावजूद प्रदेश सरकार एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू नहीं कर रही है। जबकि, समय-समय पर परिषद द्वारा इसकी मांग की जाती रही है। उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं पर लगातार हो रहे हमलों के विरोध में पूरे जिले के अधिवक्ता सोमवार को न्यायालयीन कार्य नहीं करेंगे। इसके साथ ही शिवपुरी के मृत साथ श्री सक्सेना के परिवार को एक करोड़ की अनुगृह सहायता और परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी को मांग को लेकर मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला अभिभाषक संघ एवं सभी तहसील संघटन सोमवार को न्यायालय से जुड़ा कोई कार्य नहीं करेंगे।

# डॉ. रामदास वैष्णव की 44वीं पुण्यतिथि मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

आडॉ रामदास वैष्णव की 44वीं पुण्यतिथि मेन मार्केट डॉ रामदास चैराहा पर मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा को स्नान कराकर फूल माला से सजाया गया। उपस्थित जनों ने डॉक्टर रामदास वैष्णव के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि आज जो कुरावर का स्वरूप है, वह डॉक्टर रामदास का सपना था। डॉ रामदास वैष्णव को कुरावर गांव को नगरी रूप में देखने वाले जन-जन के सेवक के रूप में याद किया जाता है।

## गेहूं कटाई के दौरान हाइवेस्टर मालिक की हाइटेंशन तार से मौत

**सारंगपुर।** खेत में हाइवेस्टर से गेहूं कटाई के दौरान हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आने से पंजाब के हाइवेस्टर के मालिक की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना सारंगपुर क्षेत्र के समीप ग्राम गांवड़ी में हुई। बताया जा रहा है कि खेत में गेहूं की फसल की कटाई के लिए हाइवेस्टर मशीन से कार्य चल रहा था। इसी दौरान हाइवेस्टर बिजली के हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया, जिससे मशीन को आगे पीछे करने के दौरान सुखबिंदर सिंह गंभीर रूप से झुलस गए।मृतक सुखबिंदर सिंह जालंधर जिले के गांव दारेवाला थाना लोहियाखास के निवासी थे तथा कटाई कार्य के लिए यहां आए हुए थे। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें उपचार के लिए सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

### बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर पर धूमधाम से शिव पार्वती विवाह संपन्न

# उत्साह के साथ मनाया महाशिवरात्रि पर्व शिवालयों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़/कुरावर

भगवान शिव पार्वती के विवाह का महाशिवरात्रि पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष में नगर के प्राचीन शिवालयों पर श्रद्धालुओं के भारी भीड़ उमड़ पड़ी। खासकर बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा बैजनाथ के दर्शनों का पुण्य लाभ लिया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ने लगी थी। देर रात तक यह सिलसिला चलता रहा। देर शाम नगर के श्रद्धालुओं ने शहर में शिव बारात का आयोजन किया। इसके बाद बड़ा महादेव और माता पार्वती के मंदिर शिखर पर गठजोड़े बांधकर विधि विधान से शिव पार्वती विवाह संपन्न किया गया। इसके अलावा नगर के छोटा महादेव, जल मंदिर, गुप्तेश्वर महादेव, ओखलेश्वर महादेव, नादेश्वर महादेव, कोदेश्वर महादेव, पीपलेश्वर महादेव सहित प्राचीन शिवालयों पर भी महिला पुरुषों ने शिवलिंग की अभिषेक पूजा अर्चना की। इस दौरान मंदिरों पर विशेष साज सज्जा के साथ भगवान का अद्भुद श्रृंगार किया गया। महा आरती और महाप्रसादी वितरण के आयोजन भी संपन्न हुए।

## शिवरात्रि के पावन पर्व पर भंडारा और नि:शुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन



**खुजनेर।** स्वगीर्य शिवसिंह चैहान की पुण्य स्मृति में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। शिविर का आयोजन स्थानीय समाजसेवि लक्ष्मीनारायण चैहान प्रान्त समरसता प्रमुख के द्धारा उनके पिताजी की पुण्य स्मृति में अनुभवी नेत्र चिकित्सकों द्धारा ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई। शिविर में लगभग 250 से अधिक लोगों ने अपने नेत्रों की जांच करवाई। चिकित्सकों द्धारा मोतियाबिंद, दृष्टिदोष एवं अन्य नेत्र रोगों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया। जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई। गंभीर रोगियों को आगे के उपचार हेतु जिला अनन्तपुर रेफर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं, क्योंकि इससे लोगों को घर के पास ही विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो जाती है।

# हाथी पर सवार होकर निकले वटकेश्वर महादेव, भव्य शिव बारात का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर नगर में धार्मिक उत्साह और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। वटकेश्वर महादेव मंदिर से भव्य शिव बारात का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान भोलेनाथ की आकर्षक झांकी हाथी पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकाली गई। शिव बारात में शामिल भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। शिव बारात वटकेश्वर महादेव मंदिर, गांधी चैक से प्रारंभ होकर सदर बाजार,



भेरू दरवाजा मार्ग, बस स्टैंड, पुराना एबी रोड, परशुराम चैराहा, अस्पताल रोड और बाग कुआं होते हुए तिलभांडेश्वर मंदिर पहुंची।

### शिव मंदिरों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

# प्रजापति समाज ने भगवान शिव का भव्य चल समारोह निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

नगर खुजनेर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रजापति समाज द्वारा शहर में रविवार को भव्य चल समारोह निकाला गया महाशिवरात्रि का पर्व बडे धूम धाम से मनाया चल समारोह में भगवान भोलेनाथ की भव्य चलित झांकी आकर्षण का केंद्र रही शिव बारात में जमकर थिरके श्रद्धालु पूरा शहर शिवमय हुआ छोटे गणेश मंदिर पर चल



समारोह में विराजित भगवान शिव की नप अध्यक्ष कैलाशी बाई यादव पूर्व नप अध्यक्ष पंकज शर्मा आदि द्वारा पूजा अर्चना की जिसके साथ चल समारोह प्रारंभ हुआ।

# कैसा भी संकट हो भगवान भक्ति नहीं छोड़े: पं. अनुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के अटल चैक में आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा में पंडित अनुराग कृष्ण जी महाराज ने बताया कि भगवान शिव की परम भक्त अपाला थी ,जिस को जन्म से चर्म रोग था फिर भी उसने शिव की भक्ति नहीं छोड़ी । इंद्र ने भगवान शिव से पूछा कि प्रभु अपाला आप की परम भक्त है उसको इतना दुख क्यों तब भगवान शिव ने कहा कि इसने पूर्व जन्म में मेरा ओर मेरे भक्त का अपमान किया इसलिए इसको इस जन्म में ये रोग मिला तब भगवान ने इंद्र के साथ नंदी को अपाला के पास भेजा और शिव का चढ़ा हुआ जल अपाला के ऊपर छिड़का उससे उसका चर्म रोग समाप्त हुआ । कथा के माध्यम से कहा कि जीवन में कितना भी दुख संकट आ जावे लेकिन भगवान का मार्ग नहीं छोड़े हमे भगवान की भक्ति नहीं छोड़नी चाहिए।



### जैन समाज के अनेक लोग हुए सम्मिलित

# जिनालय की स्थापना दिवस पर निकाली भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर स्थित श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनालय के 15वें प्रतिष्ठापना दिवस के अवसर पर नगर के जैन समाज द्वारा रविवार को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले सहित विभिन्न नगरों से बड़ी संख्या में समाजजन सम्मिलित हुए।

भगवान श्री आदिनाथ स्वामी की पालकी, ध्वज और विशेष बैंड की धुनों के साथ पीटी कंपनी स्थित जिनालय से आरंभ हुई यात्रा बम-बम आश्रम, नागर मोहल्ला, जय स्तंभ चैराहा, मेन मार्केट, रानी झांसी चैराहा, गुड़ बाजार और कोतवाली रोड होते हुए पुनः जिनालय पहुंची। शोभायात्रा के समापन पर जिनालय में भगवान का विशेष कलशाभिषेक, शांतिधारा और पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर सौधर्म, ईशान, सनतकुमार और माहेंद्र इंद्र के पात्रों सहित वृहद शांतिधारा हेतु बोलियां लगाई गईं, जिनमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन में पचोर, मोड़ी, सुसनेर, ब्यावरा, जीरापुर, करनवास, बीनागंज और चाचैड़ा सहित अनेक नगरों से आए श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

### महाशिवरात्रि पर जिले भर में हुए अनेक धार्मिक आयोजन, देर रात्रि तक चला पूजन-अर्चन

# भूत-पिशाचों की टोली और कई झांकियों के साथ निकली शिव-बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के विवाह गठबंधन का महा-शिवरात्रि पर्व राजगढ़ मुख्यायल सहित पूरे जिले में विभिन्न धार्मिक आयोजना के साथ मनाया गया। राजगढ़ नगर में महादेव उत्सव समिति के तत्वावधान में लगातार 34वें वर्ष भव्य शिव-बारात का आयोजन किया गया। स्थानीय शिवजी की छतरी स्थित मंदिर से ढोल-ढमाकों, गाजे-बाजों और डीजे की धुन की साथ आरंभ हुई बारात में बाहर से आए कलाकारों की मनमोहन प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस बारात में भूत-पिशाचों की टोली, भगवान भोलेनाथ की झांकी के साथ अन्य कलाकार सम्मिलित हुए। शिव-बारात का नगर के विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा, फलाहारी प्रसाद सहित भांग की ठंडाई के साथ स्वागत, अभिनंदन किया गया। शिवजी की छतरी से आरंभ हुई बारात जय स्तंभ चैक, सोल्डर चैराहा, वाटर वक्र्स, कोतवाली रोड, नाका नंबर 3 से होते हुए मनकामनेष्वर मंदिर पहुंची। मंदिर में भगवान की पूजा-अर्चना उपरान्त बारात पुनः आरंभ हुई जो मेन मार्केट होते हुए रात्रि में खोयरी बैजनाथ महादेव धाम पहुंचकर समाप्त हुई।





### सुबह से रात तक चले धार्मिक अनुष्ठान

महा षिवरात्रि पर्व पर क्षेत्र के प्रसिद्ध खोयरी महादेव मंदिर, राजयोग महादेव मंदिर, एसी वाले हनुमान मंदिर, मनकामनेश्वर सहित अन्य मंदिरों में तड़के सुबह 5 बजे से आरंभ हुआ पूजा-अर्चना, अभिषेक इत्यादि का क्रम देर रात्रि तक चलता रहा। खोयरी महादेव मंदिर से पार्वतीजी के मंदिर तक गठजोड़ा तैयार कर भोलेनाथ और पार्वतीजी का विवाह संपन्न करवाया गया।

### 32 वर्षों से दूल्हा बना रहे हैं महेश सेन

उल्लेखनीय है कि महादेव उत्सव समिति के तत्वाधान में लगातार 34 सालों से शिव-बारात का आयोजन करवाया जा रहा है। इनमें से 32 वर्षों में महेश सेन नाम के व्यक्ति को दूल्हा बनाकर सजाया जा रहा है। अनवरत इतने वर्षों से शिव रूप धारण करने वाले श्री सेन के वास्तविक नाम को लोग भूलकर उन्हें भोलेनाथ ही पुकारने लगे हैं।

### अनेकों स्थानों पर भांग मिश्रित प्रसादी वितरित

महा-शिवरात्रि पर्व पर निकली बारात में शामिल भक्तों को नगर में कई स्थानों पर भगवान भोलेनाथ की प्रसादी के तौर पर भांग मिश्रित दूध, ठंडाई का वितरण करवाया गया।

## शिवालयों में रुद्र अभिषेक, खिचड़ी प्रसाद का वितरण

**सारंगपुर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। प्रातः 5 बजे से ही शिव भक्तों का जनसैलाब मंदिरों में उमड़ पड़ा। नगर के प्राचीन एवं प्रसिद्ध कपिलेश्वर महादेव, नीलकंठेश्वर, गुप्तेश्वर, तिलभांडेश्वर, ओंकारेश्वर, वाटकेश्वर, चिंतामनेश्वर, भूतेश्वर सहित अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया। महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिरों को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं फूलों से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने रुद्र अभिषेक कर भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया। सुबह से ही महिलाएं, युवतियां, बच्चे एवं पुरुष वर्ग बड़ी संख्या में मंदिरों में दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। भक्तों ने जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की।

